# प्रेस नोट- साइबर हेल्प डेस्क थाना कांट

# जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक : 13.12.2025

## “साइबर हेल्प डेस्क, थाना कांट द्वारा एक शिकायतकर्ता के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शत-प्रतिशत धनराशि ₹10,000/- वापस कराई गई”

श्री राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जनपद में साइबर अपराध के मामलों में Golden Hour की महत्ता को समझते हुए उस दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों को समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक धनराशि को फ्रीज कराकर पीड़ितों को वापस कराया जा सके। इसी क्रम में श्री रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली एवं श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उप महानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली महोदय के निर्देशानुसार तथा श्री राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर के कुशल निर्देशन में, श्री देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर, शाहजहाँपुर एवं श्री शुभम वर्मा, क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम, जनपद शाहजहाँपुर के कुशल पर्यवेक्षण में आवेदक को उसकी धनराशि वापस दिलाने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 15.11.2025 को श्री कुलदीप सिंह पुत्र जयपाल सिंह, निवासी ग्राम औधापुर, थाना कांट, जिला शाहजहाँपुर द्वारा साइबर कम्प्लेंट संख्या 33111250163093 दर्ज कराई गई, जिसमें अवगत कराया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता से धोखाधड़ी कर गूगल पे के माध्यम से धनराशि उसके खाते में स्थानांतरित कर ली गई थी।

उक्त शिकायत पर साइबर हेल्प डेस्क, थाना कांट की टीम द्वारा तत्परता से संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता से संबंधित विवरण प्राप्त किए गए तथा गहन छानबीन कर आवश्यक कार्यवाही की गई। त्वरित एवं प्रभावी पुलिस कार्यवाही के परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शत-प्रतिशत धनराशि सफलतापूर्वक शिकायतकर्ता को वापस कराई गई।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1- निरीक्षक अपराध दिगम्बर सिंह प्रभारी साइवर हेल्प डेस्क थाना कांट शाहजहाँपुर
2- कम्प्यूटर ऑपरेटर नवनीत कुमार थाना कांट शाहजहाँपुर
3- म0का0 2865 शालू सोम नोडल साइबर हेल्प डेस्क थाना कांट शाहजहाँपुर

**“जागरूक रहें—सजग रहें, साइबर अपराध से सुरक्षित रहें।**
**साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएँ”**